सरकूलर नं0: अपमा/2016–2018/72 दिनांक : 15–4–2017

''ठग गिरोह से सावधान एवं सतर्क रहें''

सभी व्यापारी भाईयों को सूचित किया जाता है कि आजकल बाजार में एक ठग गिरोह सक्रिय है जो कि ठेलेवाले एवं झल्लीवालों को प्रसाद के रूप में खाने की चीजे देते है जिसमें नशीली पदार्थ मिला होता है इस प्रकार के खाने की चीजों को खाकर ठेलेवाले तुरन्त बेहोश हो जाते है उसके बाद गिरोह के सदस्य ठेले में रखे सामान को लेकर फरार हो जाते हैं। इस तरह की मार्किट में 5 से 6 वारदातें हो चुकी है।

अतः आप सभी व्यापारीगण से निवेदन है कि आप अपने ठेलेवाले, झल्लीवाले को समझाये कि मार्किट में किसी अनजान व्यक्ति से किसी प्रकार की खाने–पीने की चीजे न लेवें न ही खायें।

यदि किसी व्यक्ति या दुकानदार को ऐसी वारदात करने वाले व्यक्ति मिले उसे पकड़कर तुरन्त पुलिस को सौप दें।

सरकूलर नं0: अपमा/2016–2018/73

''अपमा सरकूलर के विषय में''

आप सभी को सूचित किया जाता है कि मंगलवार दिनांक 28–3–2017 को अपमा कार्यकारिणी की 5वीं बैठक अपमा कार्यालय में आयोजित की गयी थी। इस बैठक में सरकूलर फीस बढ़ाने हेतु सझाव सर्वसम्मति से पारित किये गये, जो कि 28–03–2017 से लागू किये गये, जो निम्न प्रकार से हैं :–

1. सरकूलर फीस क्वाटर पेज के लिए 1000 से 1500 रूपये।
2. सरकूलर फीस हाफ पेज के 2000 से 2500 रूपये।
3. सरकूलर फीस फुल पेज के 3100 से 5100 रूपये।
4. अर्जेन्ट सरकूलर का 11000 चार्ज लिया जायेगा।
5. नोन मेम्बर के लिए सरकूलर की सभी फीस दोगुनी होगी।

कृ0प0उ0.................2

सरकूलर नं0 अपमा / 2016—2018 / 74

''अपमा निःशुल्क डिस्पेन्सरी में दवाओं का वितरण''

सभी व्यापारी भाईयों को सूचित किया जाता है कि 01 अप्रैल से 15 अप्रैल, 2017 तक जिन दानदाताओं ने अपमा निःशुल्क चिकित्सालय में जरूरतमंद मरीजों के इलाज एवं दवाईयों हेतु 3100 /— रूपये का आर्थिक सहयोग दिया है, उनके नाम इस प्रकार हैं :—

01. श्री राकेश कुमार जी (जनसम्पर्क अधिकारी, अपमा) मै0 कुमार आटो इण्डस्ट्रीज(फोकस), 565, गली बहल साहिब, हेमिल्टन रोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली—110006 ने अपने आदरणीय स्व0 पिताजी श्री ओम प्रकाश कुमार जी की दिनांक 15—4—2017 को नौवीं पुण्य स्मृति में।

02. श्री गौरव अग्रवाल जी एवं श्री सौरभ अग्रवाल जी मै0 शिव ट्रेडर्स, 3391, राम बाजार, मोरी गेट, दिल्ली—110006 ने अपने आदरणीय स्व0 पिताजी श्री अजय प्रकाश जी की दिनांक 11—4—2017 को नौवीं पुण्य स्मृति में।

अपमा प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों की ईश्वर से प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्माओं को शान्ति दें तथा उनके परिवारों को सुख, समृद्धि व खुशहाली प्रदान करें एवं सभी अपने समस्त परिवार एवं प्रियजनों सहित सदैव स्वस्थ, निरोग, प्रसन्नचित रहते हुए दीर्घायु को प्राप्त करें।

सरकूलर नं0 अपमा / 2016—2018 / 75

''अपमा के सरकूलर निकालने हेतु छपे हुए पेपरों की मांग''

व्यापारी भाईयो, आपको विदित है कि अपमा के सरकूलर अधिकतर छपे हुए सुन्दर पेपरों पर जारी होते हैं। इन पेपरों में व्यापारी भाई अपने ट्रेड के उत्पादकों की तीन इंच चौड़ी रंगीन स्ट्रिप देकर विज्ञापन का लाभ उठाते हैं। आपके **PRODUCT** के प्रचार का यह बहुत ही अच्छा एवं आसान तरीका है। अपमा इसमें विज्ञापनदाता से किसी प्रकार का कोई आर्थिक सहयोग नहीं लेती है। केवल छपा हुआ कागज लेती है। अतः इच्छुक व्यापारी भाईयों से अनुरोध है कि वे विज्ञापन के इस सुनहरे अवसर का पूरा—पूरा लाभ उठाकर अपमा को छपे हुए पेपर देकर सहयोग प्रदान करें एवं अपने **PRODUCT** का प्रचार करें।

(विष्णु भार्गव)
महासचिव